# रूस की कंपनियां यूपी में निवेश की इच्छुक

## मॉस्को के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास मंत्री नंदी से मुलाकात की, यूपी के प्रतिनिधिमंडल को मॉस्को आने के लिए किया आमंत्रित

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और रूस के बीच उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने की पहल तेज हुई है। प्रदेश में रूस की कंपनियों को स्थापित करने के लिए रविवार को ग्रेटर नोएडा में मॉस्को से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने यूपी के प्रतिनिधिमंडल को भी मॉस्को आने के लिए आमंत्रित किया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक मॉस्को सरकार के प्रतिनिधियों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।



**औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से मिला मॉस्को से आया प्रतिनिधिमंडल।** -विभाग

रूस के प्रतिनिधिमंडल में शामिल निवेश और उद्योग नीति विभाग रूस (मॉस्को) की प्रतिनिधि इरीना पिंगोरिना एवं टेक्नोपोलिस मॉस्को के आधिकारिक भारतीय प्रतिनिधि अमरदीप सिंह ने औद्योगिक विकास मंत्री को मास्को सरकार के निवेश और उद्योग नीति विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष अनातोली मिखाइलीविच की ओर से आमंत्रण पत्र सौंपा।

### मेक इन इंडिया अभियान से काफी प्रभावित है रूस की सरकार

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रूस की सरकार भारत के मेक इन इंडिया अभियान से काफी प्रभावित है और रूसी कंपनियों की उत्पादन फैक्ट्रियां यूपी में स्थापित करना चाहती है। रूस की सरकार नोएडा में टेक्नोपोलिस मॉस्को के विशेष आर्थिक क्षेत्र सेज की शाखा स्थापित करना चाहती है। इसके लिए योग्य भारतीय कर्मियों की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। वहीं औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि इस बातचीत से मॉस्को और यूपी के बीच निवेश और औद्योगिक सहयोग को और मजबूती मिलेगी और नवाचार, रोजगार और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के नए द्वार खुलेंगे।